UP Board Solutions for Class 7 Geography Chapter 8 प्राकृतिक प्रदेश एवं जनजीवन

अभ्यास

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए –

(क) विषुवतरेखीय प्रदेश का विस्तार किन-किन महाद्वीपों में है ?
उत्तर :
विषुवतीय प्रदेश का विस्तार दक्षिण अमेरिका की अमेजन घाटी व उत्तरी-पश्चिमी तट, अफ्रीका की कांगो घाटी, गिनी तट व पूर्वी एशिया के पूर्वी द्वीप समूह क्षेत्र में है।

(ख) पिग्मी पेड़ों पर घर बनाकर क्यों रहते हैं ?
उत्तर :
पिग्मी पेड़ों पर घर बनाकर इसलिए रहते हैं क्योंकि अधिक वर्षा होने के कारण यहाँ की जलवायु भूमि पर रहने लायक नहीं है। इसके अतिरिक्त जंगली क्षेत्र होने के कारण यहाँ पर जंगली जीव-जन्तुओं का खतरा भी बना रहता है।

(ग) विषुवतरेखीय प्रदेश के निवासियों के जीवन स्तर में सुधार हेतु क्या प्रयास किए जा रहे हैं ?
उत्तर :
विषुवतीय प्रदेश के निवासियों के जीवन स्तर में निम्नलिखित सुधार किए जा रहे हैं –

1. यहाँ के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।
2. इनको आधुनिक कृषि उपकरणों की जानकारी और उनके प्रयोग के बारे में बताया जा रहा है।
3. इनके लिए शिक्षण-व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।
4. खेती से जुड़े व्यवसायों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

(घ) सदाबहार वन किसे कहते हैं ?
उत्तर :
ऐसे वन-क्षेत्र जो सदैव हरे-भरे रहते हैं, सदाबहार वन कहलाते हैं। ये वन अधिक गर्मी व वर्षा वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। इन वनों के वृक्ष इतने ऊँचे व घने होते हैं कि यहाँ सूर्य की किरणें पृथ्वी की सतह तक नहीं पहुँच पाती हैं। फलत: इन वनों में नीचे केवल छायाप्रिय पौधे, लताएँ, झाड़ियाँ घास एवं जंगली फूल आदि उगते हैं। इन वनों के वृक्षों के पुराने पत्ते झड़ते रहते हैं और नए पत्ते लगते रहते हैं। फलतः ये वर्षभर हरे-भरे रहते हैं।

प्रश्न 2.
कारण बताइए –

(क) भूमध्यरेखीय प्रदेश में पूरे साल वर्षा क्यों होती है ?
उत्तर :
भूमध्यरेखीय प्रदेश में अमेजन घाटी में पूरे साल तापमान अधिक और एक समान रंहता है। इसलिए इस क्षेत्र में

वर्षा भी खूब होती है।

(ख) अमेजन घाटी, मानव निवास के लिए उपयुक्त क्यों नहीं है ?
उत्तर :
अमेजन घाटी, मानव विकास के लिए इसलिए उपयुक्त नहीं है, क्योंकि यहाँ की जलवायु नर्म और गर्म होती है, जो स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त नहीं है।

प्रश्न 3.
सही जोड़े बनाइए –



प्रश्न 4.
सही कथनों के सामने ✓ और गलत कथनों के
सामने ✗ का चिह्न लगाइए –
उत्तर :
(क) पिग्मी लोग गोरे व लम्बे होते हैं। **(✗)**
(ख) अधिक ताप व वर्षा वाले क्षेत्र में सदाबहार वन पाए जाते हैं। **(✓)**
(ग) पिग्मी जनजाति के लोग पक्के मकानों में रहते हैं। **(✗)**
(घ) आमेजन घाटी पर्यावरण की दृष्टि से सबसे महत्त्वपूर्ण है। **(✓)**

https://www.evidyarthi.in/